बाबा मेरे करना बस इतना कर्म

ॐ साईं राम जय जय, ॐ साईं राम ll
साईं तेरे गाँव में, नीम की छाँव में ll,
गुज़र जाए, मेरी सारी जिंदगी l,,
'बाबा मेरे करना बस, इतना कर्म,
पास हो तूँ मेरे जब, निकले यह दम' l
*तेरा मेरा मेरा तेरा, प्यार न हो कम,
*सेवा करूँ तेरी यही, मेरा है धर्म,
**संग रहूँ तेरे मिले, जब भी जन्म,,,
'बाबा मेरे करना बस, इतना कर्म,
पास हो तूँ मेरे जब, निकले यह दम' l
साईं तेरे गाँव में, नीम की छाँव में ll,
गुज़र जाए, मेरी सारी जिंदगी l

*तूँ है मेरे साथ किस, बात की फ़िक्र मुझे l
*तूँ न रूठ जाए मेरे, नाथ है यह डर मुझे l
*जाना नहीं मांगने, ख़ैरात किसी दर मुझे l
जो भी मिले तुझसे, उसी मे है सब्र मुझे,
मर्ज़ी, है तेरी चाहे, ख़ुशी दे या ग़म,,,
बाबा मेरे करना बस,,,,,,,,,,,,,,,,F

*बाबा मेरी जिंदगी, तुम्हारी है ग़ुलाम l
आती जाती साँसे कहे, ॐ साईं राम l
*वारूँ तेरे कदमों पे, नेमते तमाम l
मेरे रोम रोम पे, लिखा है तेरा नाम l
साईं, तेरे नाम के, सहारे जिए हम,
साईं तेरे गाँव में, नीम की छाँव में ll,
गुज़र जाए, मेरी सारी जिंदगी l
बाबा मेरे करना बस,,,,,,,,,,,,,,,,F

*साईं तेरे रंगों में, रंगा ली यह नज़र l
तूँ ही तूँ है देवा, अब देखूँ मैं जिधर l
*जब से जुड़ा है तेरे, दर से यह सर l
तेरा हूँ दीवाना, नहीं अपनी खबर l
कभी, मुस्काऊँ कभी, पलकें हो नम,
साईं तेरे गाँव में, नीम की छाँव में ll,
गुज़र जाए मेरी, सारी जिंदगी l
बाबा मेरे करना बस,,,,,,,,,,,,,,,,F
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19723/title/baba-mere-karna-bus-itna-karam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |